# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ


प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O), 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
( डब्लू० एन० सिंह )

महासचिव
गंगाधर लाल दास
( जी० एल० दास )

उपाध्यक्ष
फिराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
श्री अर्जुन प्रसाद
श्री कृष्ण मुरारी प्रसाद

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद


Truth Will Triumph

पत्र संख्या 145

पटना
दिनांक 29.8.2000

## प्रेस - विज्ञप्ति

दिनांक 28.8.2000 को बिहार प्रशासनिक सेवा संघ की ब्रोड बेस्ड कमिटी की बैठक में य निर्णय हो चुका है कि अगर सरकार दिनांक 30.8.2000 तक संघ के स्वीकृत मांगों के आलोक में सरकारी आदर्श सम्बन्धी संकल्प निर्गत नहीं करती है तो बिहार प्रशासनिक सेवा के सभी सदस्य 31.8.2000 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेंगे । इसी निर्णय के आलोक में संघ के पदाधिकारियों की बैठक आज संघ के अध्यक्ष श्री वजीन्द्र नारायण सिंह एवं महासचिव श्री गंगाधर लाल दास की उपस्थिति में हुई ।

चर्चा के दौरान संघ द्वारा इस प्रकार के कठोर निर्णय लेने हेतु सरकार एवं सरकार के आला अफसरों की संघ की मांगों के प्रति उदासीनता को प्रमुख कारण माना गया । आखिर 29.3.2000 के समझौते के कार्यान्वयन में सरकार क्यों आनाकानी कर रही है । समझौते का प्रथम बिन्दु बिहार प्रशासनिक सेवा के बेसिक ग्रेड का स्केल 6500 से 10,500 के बदले 8000 से 13,500 दिए जाने हेतु एक उच्चस्तरीय समिति की अनुशंसा प्राप्त कर दो माह में ऐसा वेतनमान लागू करने के संबंध में है । सरकार के वर्तमान एवं पूर्व के मुख्य सचिव ने समिति गठन की स्वीकृति सरकार से प्राप्त करने हेतु संचिका अनुमोदन हेतु प्रेषित किया । सरकार अपनी हठधर्मिता का परिचय देते हुए स्वीकृत वेतनमान प्राप्त करने हेतु " आफ ताब आलम " कमिटी की राह संघ को दिखा रही है । आश्चर्य है कि जब फिटमेन्ट कमिटी ने पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर बेसिक ग्रेड का वेतन मान 65000 से 10,500 दे दिया है, तो आफ ताब आलम कमिटी जो वेतन विसंगति निवारण समिति है, क्या कर सकेगी । सरकार अभी भी संघ की जायज मांगों को मान कर बुधिमत्ता का परिचय दे एवं इन आला अफसरों के छलावे निष्फल करें ।

प्रोन्नति के पद जब चिन्हित है, पदाधिकारी उपलब्ध है, पद रिक्त है, तो मात्र बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों का मनोबल तोड़ने, परेशान करने

के उद्देश्य से पदों को रिक्त रखकर सरकारी कार्य को बाधित करने की मंशा सरकार को बदनाम करने के अलावा क्या हो सकती है ? सरकार समय रहते इन स्वार्थी तत्वों की पहचान कर बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों का सहयोग प्राप्त करें ।

जब विभिन्न न्यायालयों के आदेश के आलोक में सरकार रिक्ति की तिथि से पदोन्नति देती रही है और संघ ने इसी आशय का संकल्प निर्गत करने का अनुरोध किया है, तो सरकार भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी जो अपनी प्रोन्नति समय से पूर्व लेने में माहिर है, के बहकावे में आकर हमारे सदस्यों को रिक्ति की तिथि से प्रोनन्ति क्यों नहीं दे रही है ? सरकार इस पर विचार करें ।

जब सरकार 5 जिला में जिला पदाधिकारी का पद देने को इच्छुक है एवं तदनुसार समझौता भी किया गया है तो भारतीय प्रशासनिक सेवा के चन्द अफसरान क्यों इस पद को अपना पद समझ रहे हैं । समय से पहले स्वयं तो इस पद पद पदस्थापित हो जाते है परन्तु बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी को पदस्थापित नहीं करने में अपने को महारथी समझ रहें है ।

आखिर अनुमंडल पदाधिकारी के समकक्ष का 580 में से लगभग 300 पद, अपर जिला दण्डाधिकारी स्तर का 502 में से 100 पद, संयुक्त सचिव स्तर का 86 में से 50 पद अपर सचिव स्तर का 11 में से 8 पद एवं विशेष सचिव स्तर का सभी 6 पद रिक्त रखकर सरकार बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के धैर्य की कितनी परीक्षा लेना चाहती है ।

अन्त में अध्यक्ष महोदय ने उपस्थित सदस्यों को चेतावनी देते हुए कहा कि " अभी नहीं तो कभी नहीं " के निर्णय के आलोक में 31.8.2000 से अनिश्चित कालीन

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O), 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
शचीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू० एन० सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी० एल० दास)

Truth Will Triumph

उपाध्यक्ष
फिराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
श्री अर्जुन प्रसाद
श्री कृष्ण मुरारी प्रसाद

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद


पत्र संख्या..........................

पटना
दिनांक..............................



हड़ताल को शत - प्रतिशत सफल बनाने हेतु अपनी चट्टानी एकता का प्रदर्शन कर सरकार को स्वीकृत मांगों के संबंध में आदेश निर्गत करने हेतु बाध्य कर दें।

आगामी अनिश्चित कालीन हड़ताल को "धर्म युद्ध" की संज्ञा देते हुए महासचिव श्री गंगाधर लाल दास ने बतलाया कि हमारी विजय निश्चित है। मात्र आपके धैर्य एवं दृढ़ता की अपेक्षा हमें है। अभूतपूर्व एकता का प्रदर्शन तो आप करते ही रहेंगे।

गंगाधर दास
29.8.2000
महासचिव,
बिहार प्रशासनिक सेवा संघ।

[signature] 29.8.2000
(अध्यक्ष)
बिहार प्रशासनिक सेवा संघ।

प्रतिलिपि: -
निदेशक आकाशवाणी दूरदर्शन/समाचार सम्पादक/सभी हिन्दी एवं अंग्रेजी दैनिक। ब्यूरो प्रमुख पी.टी.आई./यू.एन.आई./हिन्दुस्तान एक्सप्रेस मिडिया सर्विस को प्रसारण एवं प्रकाशन हेतु सूचनार्थ प्रेषित

गंगाधर दास 29.8.2000
महासचिव,
बिहार प्रशासनिक सेवा संघ।